# DISE NEWS

14 | दैनिक जागरण

दि. 17/10/12

## न्यूज गैलरी...

### डायस पत्र समय सीमा में उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

रायसेन। यू डाइस क्रियान्वयन के संबंध में बैठक सह-प्रशिक्षण कलेक्टर मोहनलाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर को समस्त विकासखण्डों में जनशिक्षकों एवं प्राचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित होगा जिसमें अशासकीय शालाओं के संचालक, प्राचार्यों की उपस्थिति भी अनिवार्य होगी। अनुपस्थित रहने पर संबंधितों के विरूद्ध आरटीई एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर मोहनलाल ने कहा कि जिले की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त निजी मदरसा, संस्कृत शाला, नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, केवीएस, आईसीएसई और सीबीएसई के अंतर्गत संचालित शालाओं को यूनीफाइड डाइस का प्रपत्र निर्धारित समय सीमा 31 अक्टूबर से पूर्व संबंधित विकासखण्ड को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभा कक्ष में बीआरसी, बीएसी का डाइस क्रियान्वयन के प्रशिक्षण कम बैठक के दौरान यह निर्देश दिए कि जो स्कूल समय सीमा में प्रपत्र जमा नहीं करेंगे उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई अथवा मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

(दिनाँक - 17-10-12)

दैनिक भास्कर

## न्यूज़ इनबॉक्स

### डाइस का प्रशिक्षण आज

सिलवानी | जनपद शिक्षा केंद्र सिलवानी में बुधवार को यूनिफाइड डाइस डाटा के भरने का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष डाइस प्रपत्र में हाई स्कूल व हायर सेकंडरी शालाओं की जानकारी भी संकलित की जा रही है। यूनिफाइड डाइस डाटा प्रशिक्षण अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में प्रोग्रामर जिला शिक्षा केंद्र रायसेन सुमनकांत जैन तथा रमसा प्रभारी श्री त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा।

### प्रशिक्षण 18 को

बेगमगंज | आगामी 18 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे शालाओं का डाईस प्रपत्र भरने के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। ब्लाक शेक्षणिक समन्वयक भगवान सिंह खंगार ने बताया कि ब्लॉक एवं नगर के कक्षा 1 से 12 वीं तक के शासकीय, अशासकीय, नवोदय मदरसा सभी स्कूलों के प्रभारियों एवं जन शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम बीआरसी कार्यालय में रखा गया है।

दिनाँक - 17-10-12

राज एक्सप्रेस

राजएक्सप्रेस - 17-10-12

### डायस पत्र समय-सीमा में उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

रायसेन (आरएनएन)। यू डाइस क्रियान्वयन के संबंध में बैठक सह-प्रशिक्षण कलेक्टर मोहनलाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर को समस्त विकासखण्डों में जनशिक्षकों एवं प्राचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित होगा जिसमें अशासकीय शालाओं के संचालक/प्राचार्यों की उपस्थिति भी अनिवार्य होगी। अनुपस्थित रहने पर संबंधितों के विरुद्ध आरटीई एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि जिले की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त निजी मदरसा, संस्कृत शाला, नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, केवीएस, आईसीएसई और सीबीएसई के अंतर्गत संचालित शालाओं को यूनीफाइड डाइस का प्रपत्र निर्धारित समय सीमा 31 अक्टूबर से पूर्व संबंधित विकासखण्ड को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभा कक्ष में बीआरसी/बीएसी का डाइस क्रियान्वयन के प्रशिक्षण कम बैठक के दौरान यह निर्देश दिए कि जो स्कूल समय सीमा में प्रपत्र जमा नहीं करेंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अथवा मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।


जमीन बेचना है

5 एकड़ 72 डेसीमल विद्युत फीडर के पास चिकलोद रोड रायसेन, सिंचित भूमि शीघ्र बेचना है।

संपर्क करें 16-10

मो.नं. 9617075526, 8109822241

DISE NEWS

दैनिक भास्कर

भोपाल • गुरुवार 18 अक्टूबर 2012 13

# डाटा भरने का दिया प्रशिक्षण

सिलवानी | जनपद शिक्षा केन्द्र सिलवानी में बुधवार को यूनिफाइड डाटा डाइस की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ग्याप्रसाद धुर्वे द्वारा यूनिफाइड डाटा डाइस भरने का सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी प्राचार्यों, जनशिक्षकों एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों/संचालकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से यूनिफाइड डाटा डाइस के भरने में आने वाली सभी परेशानियों का निराकरण जिला शिक्षा केन्द्र रायसेन के प्रोग्रामर एसके जैन द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में बीआरसीसी नरेश कुमार रघुवंशी एवं यूनिफाइड डाटा डाइस प्रभारी बीएसी सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी,बीएसी एम सिद्दीकी, एसके नेमा,अरविंद कुमार, रूपेंन्द्र ठाकुर, बीजीसी दुर्गा लोधी, लेखापाल मोहन लोवंशी, आपरेटर गिरजेश शर्मा ने यूनिफाइड डाटा डाइस भरने का प्रशिक्षण दिया।



सिलवानी। जनपद शिक्षा केंद्र सिलवानी में बुधवार को यूनिफाइड डाटा डाइस की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

## डाइस भरने प्रशिक्षण

उदयपुरा। जनपद शिक्षा केंद्र में डाइस प्रपत्र को भरने को लेकर एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण में मु य प्रशिक्षक के रूप में जिला शिक्षा केन्द्र से से प्रोग्रामर सुमन कांत जैन ने डाइस से संबंधित विभिन्न कठिनाइयों को दूर किया। बीआरसी एसके उपाध्याय ने बताया कि डाइस से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों को कैसे भरा जाना है, इस पर विस्तार से बताया। एमएल गोलिया ने मध्यान्ह भोजन से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों को भरे जाने की सरल विधि लोगों के सामने प्रस्तुत की।

## डाइस प्रशिक्षण आज

गैरतगंज। जिला शिक्षा सूचना प्रणाली के अंतर्गत गुरुवार को जनपद शिक्षा केन्द्र गैरतगंज में डायस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।समस्त संकुल प्राचार्यों, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारियों, जनशिक्षकों एवं समस्त अशासकीय शालाओं के प्रमुखो को शामिल होंना अनिवार्य है। बीआरसीसी राकेश सोनी ने सभी से समय पर उपस्थित होने को कहा है।

राज एक्सप्रेस
भोपाल, शुक्रवार, 19 अक्टूबर, 2012


# प्रपत्र भरने का दिया प्रशिक्षण



बेगमगंज (आरएनएन)। यूनिफाइड डाटा डाइस प्रपत्र तहसील की सभी शालाओं के भरे जाना है, उसके भरने में कई परेशानी एवं दिक्कते आयेगी उन्हें दूर करने के लिये प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है । यूनिफाइड डाटा डाइस प्रपत्र में आने वाली परेशानी को लेकर जिला शिक्षा केन्द्र रायसेन के प्रोगामर एसके जैन ने निराकरण करते हुऐ बताया कि डाइस प्रपत्र में कई प्रपत्र है, उनको भरते समय यह ध्यान रहे कि एक ही जानकारी अलग अलग भरते समय उसमें अंतर न हो प्रपत्र में काट पीट या ओवर राइटिंग न की जायें । इस बात का ध्यान रखा जाये । डाइस प्रपत्र में मध्यान्ह भोजन से संबंधित जानकारी आसानी से भरने के तरीके बतायें । वी0आर0सी0 भगवान सिंह खंगार ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों का कक्षा-०१ से १२ तक का एक ही प्रपत्र भरा जायेगा लेकिन शासकीय स्कूलों का प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डी विभाग का अलग-अलग प्रपत्र भरा जायेगा । मास्टर टेनर अशोक साहू एवं दिनेश पटेल ने डाइस प्रपत्र के एक-एक पत्रक एवं एक-एक पाइन्ट को वारीकी से समझाया और निर्देश दिये कि सभी शालाओं को समय सीमा में प्रपत्र भर कर जनशिक्षा केन्द्रों पर जमा करना है ।

[ दैनिक जागरण - दि.- 19-10-12 ]

# यूनिफाइड डाटा डाइस प्रपत्र भरने का प्रशिक्षण

जागरण,बेगमगंज



यूनिफाइड डाटा डाइस प्रपत्र तहसील की सभी शालाओं के भरे जाना है, उसके भरने में कई परेशानी एवं दिक्कते आयेगी उन्हें दूर करने के लिये प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यूनिफाइड डाटा डाइस प्रपत्र में आने वाली परेशानी को लेकर जिला शिक्षा केन्द्र रायसेन के प्रोगामर एस0के0 जैन ने निराकरण करते हुऐ बताया कि डाइस प्रपत्र में कई प्रपत्र है, उनको भरते समय यह ध्यान रहे कि एक ही जानकारी अलग अलग भरते समय उसमें अंतर न हो प्रपत्र में काट पीट या ओवर राइटिंग न की जायें । इस बात का ध्यान रखा जाये । डाइस प्रपत्र में मध्यान्ह भोजन से संबंधित जानकारी आसानी से भरने के तरीके बतायें । बीआरसी भगवान सिंह खंगार ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों का कक्षा-01 से 12 तक का एक ही प्रपत्र भरा जायेगा लेकिन शासकीय स्कूलों का प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डी विभाग का अलग-अलग प्रपंत्र भरा जायेगा ।

मास्टर टेनर अशोक साहू एवं दिनेश पटेल ने डाइस प्रपत्र के एक-एक पत्रक एवं एक-एक पाइन्ट को वारीकी से समझाया और निर्देश दिये कि सभी शालाओं को समय सीमा में प्रपत्र भर कर जनशिक्षा केन्द्रों पर जमा करना है । प्रशिक्षण में ब्लाक शिक्षाधिकारी राजेश इन्वाती बीएसी धर्मेश साहू, मिटठूलाल प्रजापति, ब्लाक जेण्डर समन्वयक श्रीमति विमलेश दुबे, हायर सेकेण्डी स्कूल के प्राचार्य बद्री प्रसाद रैकवार, कन्या उत्क्रष्ट के प्राचार्य श्री कुर्मी, हाईस्कूल वीरपुर, सुनेहरा, महुआखेडा, तुलसीपार, राजाधार पडरिया, सुल्तानगंज, नई गढिया के प्राचार्य एवं जन शिक्षकों ने तथा नगर के प्राइवेट स्कूल के प्राचार्यों ने प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम का संचालन बीएससी अशोक साहू ने किया।

DISE NEWS

DISE

NEWS

दैनिक भास्कर
भोपाल • शुक्रवार 19 अक्टूबर 2012 22

# शिक्षकों को बताया ठीक से भरें फार्म

■ जिला प्रोग्रामर एसके जैन ने शिक्षकों से कहा

निज संवाददाता | बेगमगंज

तहसील की सभी शालाओं के यूनिफाइड डाटा डाइस प्रपत्र भरे जाने हैं। उसके भरने में कई परेशानी एवं दिक्कतें आएंगी, उन्हें दूर करने के लिए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यूनिफाइड डाटा डाइस प्रपत्र में आने वाली परेशानी को लेकर जिला शिक्षा केन्द्र के प्रोग्रामर एसके जैन ने निराकरण करते हुए बताया कि डाइस प्रपत्र में कई प्रपत्र हैं, उनको भरते समय यह ध्यान रहे कि एक ही जानकारी अलग-अलग भरते समय उसमें अंतर न हो । प्रपत्र में काट पीट या ओवर राइटिंग न की जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए ।

बीआरसी भगवान सिंह खंगार ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों का कक्षा 1 से 12 तक का एक ही प्रपत्र भरा जाएगा, लेकिन शासकीय स्कूलों का प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हासे का अलग-अलग प्रपत्र भरा जाएगा। मास्टर ट्रेनर अशोक साहू एवं दिनेश पटेल ने प्रपत्र के एक-एक पत्रक एवं एक-एक पाइंट को बारीकी से समझाया। प्रशिक्षण में ब्लाक शिक्षाधिकारी राजेश इवनाती, बीएसी धर्मेश साहू, मिट्ठूलाल प्रजापति, ब्लाक जेंडर समन्वयक विमलेश दुबे, हायर सेकंडी स्कूल के प्राचार्य बद्री प्रसाद रैकवार, कन्या उत्कृष्ट के प्राचार्य, हाईस्कूल वीरपुर, सुनेहरा, महुआखेड़ा, तुलसीपार, राजाधार पडरिया, सुल्तानगंज, नई गढ़िया के प्राचार्य एवं जन शिक्षक मौजूद थे।

## डाइस प्रपत्र में दें तथ्यात्मक जानकारी

गैरतगंज | जिला शिक्षा सूचना प्रणाली के तहत भरे जाने वाले डाइस प्रपत्रों को पूरी गंभीरता से भर कर उसमें तथ्यात्मक जानकारी दी जाए। केंद्र सरकार के शिक्षा कार्ययोजना निर्माण कार्यक्रम की भूमिका सर्वोपरि होती है। उक्त बात गैरतगंज जनपद शिक्षा केंद्र में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रोग्रामर एसके जैन ने कही।

श्री जैन ने कहा कि अनिवार्यतः सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में डाइस प्रपत्र भरना है। उक्त प्रपत्र भरने की समय सीमा तय है। कार्यशाला को बीआरसी राकेश सोनी, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य सुनील रजक हरदौट प्राचार्य पुष्पा राव, बीएसी अरविंद राय, जयगोविंद कुशवाह एवं सीएसी मनोज नायक ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण में ब्लाक के सभी हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्य, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी, जन शिक्षक और प्राइवेट स्कूलों के संचालक ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यशाला में प्रधानाध्यापक वीपी रजक, बीएसी एमएल मालवीय, डीएस उइके, जनशिक्षक नरेश साहू, संजय शुक्ला, शरद शर्मा, मनोज मेहरा, आदिता श्रीवास्तव, बीएल गौर, राजेश कुशवाह, अजय झा, बलवीर साहू सहित कई लोग उपस्थित रहे।



**बेगमगंज।** डाइस प्रपत्र भरने का प्रशिक्षण दिया गया।